Sem – III Nov. 2017

(30)

A0133FR / A4025 HINDI : PAPER II

Library

Q. P. Code: 22359

SYBA.
13/11/17
10101
Pages 2

MARKS- 100 | TIME : 3 HOURS | SEMESTER – 3

प्रश्न: १ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : २७

अ) तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझ मैं रही न हूँ ।
वारी फेरी बलि गई, जित देखौं तित तूँ॥

अथवा

बचपन में सुनी हुई कुछ बातें / उतर रहीं मन में
जैसे कि चाँद पानियों में, जल औषधियों में, संकल्प मन में।

आ) ले जाओ आरती, पुष्प, पल्लव हरे, ले आओ ये थाल मोदकों से भरे
तिलक चढ़ा मत और हृदय में हूक दो, दे सकते हो तो गोली-बन्दूक दो

अथवा

ओ बदनसीब अन्धो ! कमजोर अभागो?
अब भी तो खोलो नयन, नींद से जागो।
वह अघी, बाहुबल का जो अपलापी है,
जिसकी ज्वाला बुझ गयी, वाही पापी है।

इ) मैं जिंदगी से भागना नहीं, उससे जुड़ना चाहता हूँ।
उसे झकझोरना चाहता हूँ, | उसके काल्पनिक अक्ष पर।

अथवा

तब भी उसने कहा- ऐसे ही लोग थे, ऐसे ही शहर,
रुकते ही नहीं किसी तरह, मेरी हत्याओं के सिलसिले।

प्रश्न: २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : ३६

क) सूरदास की भक्ति-भावना को रेखांकित कीजिए।

अथवा

'लड़ता हुआ आदमी' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

ख) ' परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य का उद्देश्य रेखांकित कीजिए।

अथवा

'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य की संवेदना पर प्रकाश डालिए।

ग) 'एक अजीब सी मुश्किल' कविता का सन्देश स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'बाजारों की तरफ़' कविता का उद्देश्य रेखांकित कीजिए।

Turn Over

प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : १२

१. बिहारी के काव्य में अभिव्यक्त सौन्दर्य-चित्रण को स्पष्ट कीजिए |

२. 'समर शेष है' कविता का उद्देश्य परिभाषित कीजिए |

३. 'अबकी घर लौटा तो' कविता का उद्देश्य लिखिए |

प्रश्न:४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियां लिखिए : १५

च) 'आजकल लड़ाई का ज़माना है' कविता का सन्देश |

अथवा

'एक ढलती सदी का सच' कविता का भावार्थ |

छ) 'जवानी का झंडा' कविता का मूलस्वर |

अथवा

'लोहे के मर्द' कविता का सन्देश |

ज) 'हंसी' कविता का भावार्थ |

अथवा

'नदी बूढ़ी नहीं होती' कविता का मूलस्वर |

प्रश्न:५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : १०

१ तुलसीदास द्वारा रचित किन्हीं दो ग्रंथों के नाम लिखिए |

२ 'एक छोटा-सा अनुरोध' कविता के निर्माता का नाम लिखिए |

३ 'पूरे जीवन का हिसाब हमें चाहिए' यह पंक्ति किस कवि द्वारा रचित है?

४ 'हम कोयल है सरकार के हम साजिदें दरबार के' किस कविता की पंक्ति है ?

५ कवि दिनकर जी का पूरा नाम लिखिए |

६ कवि दिनकर के अनुसार आज कसौटी पर किसकी आग है ?

७ कवि दिनकर के अनुसार पाप का भागी व्याध के अतिरिक्त और कौन होगा ?

८ कवि को घर किससे बचाना है ?

९ ईश्वर को साक्षी रखकर हम उनसे क्या मांग सकते हैं?

१० कवि के अनुसार विदेशी सोना लूटकर हमें क्या दिखायेंगे ?